ज्ञापन

ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य के समर्थन में सड़कों पर उतरा सनातन समाज

# श्री राम मंदिर से प्रारंभ हुई विशाल ज्ञापन यात्रा

**नवभारत/ नरसिंहपुर। गोटेगांव।** में ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के साथ हुए कथित अन्याय के विरोध में मंगलवार को सनातन धर्मावलंबियों एवं गुरु भक्तों का जनसैलाब सड़कों पर उतर आया। श्री राम मंदिर से प्रारंभ हुई विशाल ज्ञापन यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई प्रशासनिक कार्यालय पहुँची, जहाँ माननीय राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

यात्रा का नेतृत्व दंडी संन्यासी श्री राघवानंद जी एवं ब्रह्मचारी अचलानंद जी पंडित सोहन तिवारी परमहंसी गंगा आश्रम व्यवस्थापक सुंदर पांडे ने किया। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण सनातन धर्म की जय, गुरुदेव का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारों से गूंज उठा। दंडी संन्यासी राघवानंद जी ने कहा जगतगुरु शंकराचार्य जी केवल एक संत नहीं, बल्कि सनातन धर्म की चेतना हैं। उनके साथ किया गया व्यवहार पूरे संत समाज का अपमान है। यदि आज संतों को रोका जाएगा, तो कल आम श्रद्धालु भी सुरक्षित नहीं रहेंगे।



### ज्ञापन में की गई प्रमुख मांगें

- ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए
- दोषी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई हो
- भविष्य में संतों, धर्माचार्यों एवं श्रद्धालुओं के धार्मिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए
- कार्यक्रम का समापन शांतिपूर्ण ढंग से हुआ, लेकिन लोगों ने स्पष्ट किया कि यदि न्याय नहीं मिला तो सनातन समाज चुप नहीं बैठेगा।

### ब्रह्मचारी अचलानंद ने अपने संबोधन में कहा

मौनी अमावस्या जैसे पवित्र पर्व पर दंडी संन्यासियों और संतों को स्नान से रोकना सनातन परंपरा पर सीधा प्रहार है। यह केवल आस्था का नहीं, संविधान में प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का भी हनन है। ज्ञापन यात्रा में शामिल एक गुरु भक्त ने कहा हम 40 वर्षों से गुरुजी को उसी परंपरा से स्नान करते देखते आ रहे हैं।



## अंग्रेजों से अधिक तानाशाह योगी सरकार

**नरसिंहपुर।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर्व पर शंकराचार्य अविमुक्तानंद सरस्वती महाराज के साथ की गई अभद्रता एवं साधु संतों के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। इस घटना को लेकर नरसिंह मंदिर परिसर में हुई बैठक में विभिन्न संगठनों के द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार श्री शंकराचार्य नगरपालिका चौराहा पर मंगलवार को प्रातः 11 बजे से अनेक संगठनों द्वारा सामूहिक रूप से उपवास सत्याग्रह रखा गया। जिसका समापन आज 12 बजे होगा। गैर राजनीतिक इस सत्याग्रह में अनेक वक्ताओं ने बात रखी। सभी ने प्रयागराज में हुई घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सनातन धर्म और गौरवशाली भारतीय संस्कृति परंपरा का अपमान बताया। वक्ताओं ने कहा कि जरूरत है कि प्रयागराज की घटना का हम सब विरोध करें क्योंकि शंकराचार्य जी सनातन एवं भारतीय संस्कृति और परंपरा के सर्वोच्च हैं और उनके अपमान को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। लोगों ने प्रयागराज की घटना को सनातन धर्म का घोर अपमान बताते हुए उत्तर प्रदेश की सरकार हिन्दू विरोधी बताया। धर्म, संस्कृति और सनातन परंपरा के सर्वोच्च शंकराचार्य जी के साथ जो व्यवहार उत्तर प्रदेश में किया गया, वह सिर्फ एक संत का नहीं, बल्कि पूरे सनातन का अपमान है। उत्तर प्रदेश की सरकार सत्ता के अहंकार में इतनी अंधी हो चुकी है ,कि उसे न संत दिख रहे हैं, न संस्कृति, न संवैधानिक मर्यादा।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा ग्राम, कागजी विकास देख ग्रामीण परेशान

**नवभारत,गोटेगांव।** तहसील की ग्राम पंचायत गौरतला के अंतर्गत आने वाला ग्राम सोहजनी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। शासन-प्रशासन की उदासीनता और जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता के कारण यहाँ विकास कार्य सिर्फ कागजों तक सीमित रह गए हैं। ग्राम में नालियां तो बनी हैं, लेकिन सफाई कर्मचारी न होने के कारण वे महीनों से गंदगी से बजबजा रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यहाँ की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजनीतिक रसूख के चलते कभी-कभार ही केंद्र आती हैं। आंगनवाड़ी भवन न होने के कारण बच्चों को पेड़ों के नीचे बैठना पड़ रहा है, जबकि नए भवन का निर्माण कछुआ गति से चल रहा है। यही हाल शिक्षा के मंदिर का है, जहाँ शासकीय स्कूल में लगा नलकूप अक्सर बंद रहता है, जिससे छात्र और शिक्षक पीने के पानी के लिए परेशान हैं। पंचायत द्वारा बनाए गए कचराघर गंदगी से भरे पड़े हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन निर्माण का आलम यह है कि ग्राम में बिना लोहे के ही नालियों की ढलाई कर दी गई है। गौरतला में कुछ महीने पहले बनी सीसी सड़क भी पहली ही बारिश में उखड़ने लगी है और उसकी गिट्टियां सड़क पर फैल रही हैं। इस संबंध में जब सरपंच से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनका मोबाइल नंबर बंद मिला। ग्रामीणों ने अब वरिष्ठ अधिकारियों से पंचायत में हुए विकास कार्यों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।





# हिंदू समाज की एकजुटता का महाकुंभ-गूंजा सनातन धर्म का जयघोष

**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव के समीपवर्ती ग्राम देवनगर में सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में 19 जनवरी को सनातन विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस गौरवशाली आयोजन में आसपास के ग्रामीण अंचलों और कस्बों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय और उत्साही नजर आया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मनीष पाठक ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में धर्म, संस्कृति और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को अपनी जड़ों से जड़ने और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान राजेंद्र पटेल ने हिंदू एकता और आपसी भाईचारे पर बल देते हुए सभी को मिलकर रहने का संदेश दिया। वहीं, खेमरिया ने अपने संबोधन में मातृशक्ति के गौरवशाली इतिहास और समाज के निर्माण में महिलाओं की अनिवार्य भागीदारी का उल्लेख किया।



# आनंद उत्सव, परंपरागत खेलों में बच्चों से लेकर बड़ों तक ने लिया हिस्सा

**नवभारत/ करेली।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद करेली द्वारा मंगलवार 20 जनवरी 2026 को आनंद उत्सव 2026 का आयोजन सुभाष वार्ड स्थित साई मंदिर पार्क में किया गया। आयोजन के तहत स्थानीय स्तर पर विभिन्न परंपरागत खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नींबू-चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ सहित अन्य पारंपरागत खेल आयोजित किए गए जिसमें खेलों में छोटे बच्चों से लेकर महिलाओं एवं बुजुर्गों तक ने सहभागिता कर उत्सव का आनंद उठाया। आयोजन का उद्देश्य नागरिकों को पारंपरिक खेलों से जोड़ना एवं नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं खेलों की जानकारी देना रहा।प्रतियोगिताओं के परिणाम में नींबू-चम्मच दौड़ में संगीता शैलजा शर्मा ने प्रथम स्थान, रंजीता रजक ने द्वितीय स्थान एवं भुरी रजक ने तृतीय स्था, कुर्सी दौड़ में शोभा कहार ने प्रथम स्थान किया।

# ताले में कैद साईंखेड़ा का नेत्र चिकित्सा कक्ष, मरीजों की आंखों पर इंतजार का अंधेरा

**नवभारत,नरसिंहपुर,साईंखेड़ा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थित सरकारी नेत्र चिकित्सा प्रभाग इन दिनों स्वयं बीमार नजर आ रहा है। शासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर जनता की सुविधा के लिए खोले गए इस नेत्र ओपीडी का लाभ क्षेत्रवासियों को नहीं मिल पा रहा है। आलम यह है कि नेत्र चिकित्सा कक्ष पर अक्सर ताला लटका रहता है। जिससे दूर-दराज के गांवों से आने वाले मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। साथ ही साईंखेड़ा में नेत्र चिकित्सा की अन्य व्यवस्था न होने से या तो गांवों के लोग गाडरवारा या बाहर भटकने मजबूर होते हैं अथवा दूसरे दिन आस लेकर आते हैं तो भी समय पर यहां के जिम्मेदार नहीं मिलते और वह ताला लटका देख फिर मायूस हो जाते हैं। लोगों का कहना है आज तक यह ओपीडी सुबह नौ बजे से खुलते नहीं देखी गई। स्थानीय नागरिकों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बुजुर्गों ने बताया कि वह अपनी आंखों की जांच और उपचार के लिए कई बार अस्पताल आते हैं। लेकिन वहां तैनात नेत्र चिकित्सा सहायक अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। मोतियाबिंद और आंखों की अन्य गंभीर समस्याओं से जूझ रहे बुजुर्गों को भीषण ठंड में भी अस्पताल के बार-बार चक्कर लगाने पड रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र जांच की सरकारी सुविधा न मिलने के कारण गरीबों को मजबूरन बाहर निजी क्लिनिकों का रुख करना पड रहा है, जहां भारी फीस वसूली जाती है। अस्पताल का नेत्र चिकित्सा कक्ष कब खुलेगा और कब बंद होगा, इसकी कोई निश्चित जानकारी सूचना पटल पर उपलब्ध नहीं है। बताया जाता है कि यहां पदस्थ एक प्रमुख गाडरवारा से आते-जाते हैं। जिन्हे गाडरवारा अस्पताल के कार्यालय में देखा जाता है। जब उनकी मर्जी होती है तो कभी साईंखेडा भी चले जाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि उनकी पदस्थापना आखिर कहां है। यदि वह गाडरवारा में हैं तो यहां किसी अन्य की नियुक्ति की जाए। क्षेत्रीय जनता का आरोप है।



### इनका कहना है

सारे कर्मचारियों को प्रॉपर ड्यूटी पर आना सुनिश्चित किया गया है। यदि कोई भी कर्मचारी ड्यूटी टाइम पर नहीं आ रहा है तो उसके विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

**-डॉ. मनीष कुमार मिश्रा,**
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
नरसिंहपुर

# ब्रेन हेमरेज से पीड़ित के इलाज हेतु सहायता की मांग

**नवभारत/ गाडरवारा।** विधानसभा क्षेत्र गाडरवारा नगर के सुभाष वार्ड निवासी सोनू लोधी, जो ब्रेन हेमरेज से गंभीर रूप से पीड़ित हैं, उनके उपचार हेतु मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान के अंतर्गत त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग की गई है। भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता पवन पटेल ने इस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन सहित संबंधित मंत्रियों, सांसद, कलेक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को ईमेल पत्र लिखकर पीड़ित को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सोनू लोधी विगत लगभग 10 दिनों से जबलपुर स्थित बेस्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उपचाररत हैं। इससे पूर्व वे लकवा सहित अन्य गंभीर बीमारियों से भी पीड़ित रहे हैं। पीड़ित एक गरीब परिवार से संबंध रखते हैं तथा ऑटो चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। इलाज पर अब तक 5 से 6 लाख रुपये से अधिक की राशि खर्च हो चुकी है।



### एक नजर में



## 12 पुलिस कर्मचारी उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना ने किया सम्मानित जिले के विभिन्न थानों के 12 पुलिस कर्मचारी उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित। प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस बल की कार्यकुशलता एवं निष्ठा ही कानून व्यवस्था की मजबूत आधारशिला है। ऐसे पुरस्कार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सकारात्मक रूप से प्रेरित करते हैं। जिले में पदस्थ पुलिस कर्मियों का मनोबल ब?ाने एवं उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न मामलों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले 12 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस बल की कार्यकुशलता एवं निष्ठा ही कानून व्यवस्था की मजबूत आधारशिला है। ऐसे पुरस्कार कर्मियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। पुरस्कृत पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उनि अनिल अजमेरिया, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह, आरक्षक हेमंत बाडिवा, आरक्षक भूपेन्द्र एवं महिला आरक्षक कुमुद पाठक (चौकी बरमान, थाना सुआतला अंतर्गत दो आरोपियों से 106 किलोग्राम गांजा एवं एक ट्रक कुल 55 लाख मूल्य की सामग्री जप्त करने में सराहनीय योगदान) थाना स्टेशनगंज = आरक्षक राजकुमार एवं आरक्षक नशीम (न्यू बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा के पास लावारिश अवस्था में मिली नवजात बच्ची को तत्परता एवं सावधानीपूर्वक समय पर जिला अस्पताल पहुँचाया गया) थाना स्टेशनगंज =आरक्षक लक्ष्मी नागपुरे (थाना स्टेशनगंज अंतर्गत एक आरोपी से लगभग 3.5 लाख रुपये मूल्य की 31.55 ग्राम स्मैक जप्त करने में सराहनीय योगदान।

## सालीचौका में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

**सालीचौक।** मध्यप्रदेश की जीवन रेखा, पुण्य सलिला माँ नर्मदा के जन्मोत्सव (प्रकटोत्सव) के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में भव्य और दिव्य %माँ नर्मदा चुनरी मनोरथ यात्रा% का आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मनीष राय (छोटू भैया) के संयोजन में यह विशाल यात्रा आगामी 25 जनवरी को पूरी भव्यता के साथ निकाली जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, यात्रा का शुभारंभ नगर के हृदय स्थल श्री देव राधाकृष्ण मंदिर परिसर स्थित माँ नर्मदा मंदिर से होगा। यहाँ विधि-विधान से पूजन-अर्चन और आरती के पश्चात चुनरी यात्रा झिकौली नर्मदा तट के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा के दौरान माँ नर्मदा की विशाल चुनरी आकर्षण का केंद्र रहेगी, जिसे श्रद्धालु अपने हाथों में लेकर नर्मदा तट तक पहुँचेंगे।

## मशीन से पानी देखने के नाम पर किसानों से ठगी

**नवभारत,गोटेगांव।** समीप मुंगवानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोदरास कला के किसानों के साथ धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। ठगी के शिकार हुए किसानों ने पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती आवेदन सौंपकर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और उनके पैसे वापस दिलाने की गुहार लगाई है। शिकायत के अनुसार, रायसेन जिले के गैरतगंज निवासी दीपक सूर्यवंशी नामक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर खेत में नलकूप खनन हेतु आधुनिक मशीन से जल स्रोत (पानी) चेक करने के वीडियो डाले थे। इन वीडियो को देखकर कोदरास कला के किसानों ने उससे संपर्क किया। आरोपी ने दावा किया कि वह भूगर्भित जल मशीन के माध्यम से पानी की सटीक लोकेशन बता देगा। झांसे में आकर किसानों ने उसे गांव बुलाया, जहां आरोपी ने तीन किसानों से प्रति किसान आठ हजार रुपये के मान से कुल 24 हजार रुपये वसूल लिए।



# आईटी संकाय के विद्यार्थियों ने जानी चीनी उत्पादन की हाईटेक प्रक्रिया

**नवभारत, साईंखेड़ा।** स्थानीय सीएम राइज सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, साईंखेड़ा के विद्यार्थियों ने सोमवार को औद्योगिक भ्रमण के माध्यम से वास्तविक कार्य परिवेश और आधुनिक तकनीकी का अनुभव प्राप्त किया। विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षा (आईटीईएस/आईटी) संकाय के छात्र-छात्राओं ने ग्राम तुमड़ा स्थित आकृति शुगर मिल का दौरा कर चीनी उत्पादन की बारीकियों और वहां संचालित कम्प्यूटरीकृत प्रणालियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। तकनीकी बारीकियों से रूबरू हुए छात्र भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने देखा कि कैसे गन्ने के मिल में आने से लेकर शक्कर बनने तक की प्रक्रिया आधुनिक सॉफ्टवेयर और स्वचालित मशीनों के माध्यम से नियंत्रित की जाती है। मिल के विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि आईटी आज हर उद्योग की रीढ़ है। उन्होंने गन्ना प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण और ऑटोमेशन सिस्टम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भी अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए विशेषज्ञों से सॉफ्टवेयर कंट्रोल और डेटा मैनेजमेंट पर कई तकनीकी प्रश्न पूछे।

# पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया

**नवभारत/ गाडरवारा।** अंतर्गत मोबाइल फोन लूट करने वाला शातिर लुटेरे नरसिंहपुर पुलिस की गिरफ्त में घटना के 48 घंटे में पकड़ाये 03 शातिर लुटेरे। प्रार्थिया शाम करीबन 7=30 बजे जमाड़ा रोड स्थित कोचिंग से पैदल अपने घर विजय कॉलोनी जा रही थी। प्रार्थिया का मोबाईल उसके हाथ में रखा हुआ था तभी उत्सव भवन के सामने पलोटनगंज की ओर से आये दो अज्ञात मोटरसाईकल सवार उक्त प्रार्थिया के हाथ से मोबाईल फोन छीनकर सरकारी अस्पताल तरफ भाग गये थे। इसी प्रकार दिनांक 17/01/2026 की शाम करीबन 5 बजे प्रार्थी सतेन्द्र द्विवेदी जमाड़ा बायपास पर पैदल जा रहे थे। तभी एक मोटरसाईकल सवार प्रार्थी के हाथ से उसका मोबाईल फोन छीनकर चीचली रोड तरफ भाग गया था। उक्त दिनांक को ही पतलोन रोड गाडरवारा रात करीबन 10/30 बजे अपने घर पैदल लौट रहे जगदीश गोलंदाज के हाथ से मोबाईल फोन छीनकर तीन मोटरसाईकल सवार इमलिया तरफ भाग गये थे। गाडरवारा पुलिस के द्वारा तीनें प्रार्थियों की रिपोर्ट पर लूट के अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।



### इन्हें किया गिरफ्तार

- हेमराज उर्फ छोटू पिता मट्टू कीर उम्र 23 वर्ष निवासी कुड़ारी थाना डोंगरगाँव जिला नरसिंहपुर
- आशीष पिता फुलवर कीर उम्र 22 वर्ष निवासी कुड़ारी थाना डोंगरगाँव जिला नरसिंहपुर
- दीपक पिता फुलवर कीर उम्र 19 वर्ष निवासी कुड़ारी थाना डोंगरगाँव जिला नरसिंहपुर

प्रकरण के सभी आरोपीगण आपस में रिश्तेदार है तथा गिरोह बनाकर मोबाईल लूट को अंजाम दे रहे थे । जप्ती: छीने गये 03 मोबाईल तथा घटना में प्रयुक्त 01 बिना नंबर प्लेट की पल्सर एवं 01 बिना नंबर प्लेट की सीटी 100 मोटरसाईकल कुल कीमती करीबन 02 लाख रूपये आरोपीगण से जप्त की गई है। वैधानिक कार्यवाही- तीनों आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया । कार्यवाही में सराहनीय भूमिका = उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गाडरवारा, निरीक्षक विक्रम रजक, उप निरीक्षक अर्जुन सिंह बघेल, उप निरीक्षक अंकित रावत, उप निरीक्षक अनिल भगत, की सराहनीय भूमिका रही।

# प्रयागराज-दिल्ली के बीच फाइनल मुकाबला आज

## विधायक कप लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रयागराज ने नागपुर को हराया

**नवभारत,गाडरवारा** । रुद्र मैदान पुराने कालेज ग्राउंड पर लाईन्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता चेम्पियन ट्राफी 2026 विधायक कप में प्रयागराज ने नागपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया । टॉस जीतकर प्रयागराज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 146 रंग का लक्ष्य रखा । प्रयागराज के बल्लेबाज अंशु ने 46 बाल में 62 रन जिसमे 4 चोके 4 छक्के शामिल रहे । सचिन ने 12 बाल में 14 रन 1 छक्का, दिव्यांश ने 21 बाल में 18 रन 4 चौके की सहायता से अपनी टीम को 146 रन के लक्ष्य तक पहुंचाया। जवाबी पारी खेलते हुए नागपुर के बल्लेबाज उपेश राजपूत ने 21 बाल में 32 रन 2चौके 3 छक्के, कुणाल ने 21 बाल में 25 रन 4 चौके , वैभव ने 22 बाल में 24 रन 2चौके, 1 चक्का मारा प्रयागराज की कसी हुई गेंदबाजी के कारण नागपुर 20 ओवर की समाप्ति पर एक रन से मैच हार गया । नागपुर और प्रयागराज के बीच नागपुर के बीच खेले गए सेमीफाइनल मैच में मैच की अंत तक रोमांचक बना रहा । अंतिम ओवर की अंतिम बाल जीतने के लिए 4 रन एवं बराबरी के लिए 3 रन की आवश्यकता थी लेकिन अंतिम गेंद पर रन ही बन सके । रुद्र मैदान पर हजारों दर्शकों की भीड़ ने मैच का आनंद लिया । सेमी फाइनल मैच में शानदार और धुआंधार बल्लेबाजी करने वाले प्रयागराज के अंशु को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अतिथियों द्वारा दिया गया अंशु ने 46 बॉल में 62 रन एवं 2 ओवर में 13 रन देकर 1 महत्वपूर्ण सफलता हासिल की थी । अतिथियों ने आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि लाईन्स क्रिकेट क्लब क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन लगातार करते चल रहा है । सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया ।



### प्रतियोगिता

मैच के अंपायर इशाक खान और शैलेंद्र शर्मा, कमेंट्री राजेश त्रिपाठी, इल्यास खान व स्कोरिंग सुभी लाला, विकास पटेल कर रहे है । इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2 लाख नगद व कप, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा, द्वितीय पुरुस्कार 1 लाख नगद व कप समाजसेवी योगेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार मालपानी द्वारा, प्रत्येक मैच का मेन ऑफ द मैच - आकर्षक ट्राफी एवं नगद 21 सौ अन्नू शर्मा (ज्वारा) द्वारा, मेन ऑफ दी सीरीज 21 हजार चन्द्रकांत शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा व सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को स्वर्गीय कमल कोचर की स्मृति में पुरस्कार दिए जाएंगे ।



# कार्मल स्कूल के छात्र-छात्रा दुनिया भर में देश का नाम रोशन करें : प्राचार्य फादर केल्विन

**नवभारत,करेली** नगर की संस्था कार्मेल विद्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह सम्पन्न हुआ। कक्षा 12वीं के छात्र - छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक गान,एकल गान, सामूहिक नृत्य, रैंप वॉक, म्यूजिकल चेयर गेम, बैलून गेम आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मिस कार्मेल काव्या परिहार,मास्टर कार्मेल कबीर गुप्ता को चुना गया। प्राचार्य फादर केल्विन ने अपने उद्बोधन में सभी 12वीं के छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान कीं एवं देश के बेहतर एवं सुयोग्य नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्था प्रबंधक डॉक्टर फादर जॉनसन, प्राचार्य, उपप्राचार्या सिस्टर बीना, एडमिनिस्ट्रेटर फादर पॉल के द्वारा कक्षा 12 वीं के छात्र - छात्राओं को मोमेंटो एवं उपहार प्रदान किए गए।